आकाशवाणी की हाल की उपलब्धियां

- **आईएबीएम-प्रसार भारती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम :**

  स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान (तकनीकी) ने वर्ष 2009 की पहली तिमाही में आईएबीएम के साथ सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया। आईएबीएम-प्रसार भारती प्रशिक्षण पाठ्यक्रम टॉम मक्गान बुरसरे से आईएबीएम द्वारा पूर्ण रूप से प्रायोजित था और इसका शीर्षक "कम्प्यूटरीकरण और रेडियो प्रसारण में डिजिटलीकरण" के रूप में था। एसटीआई(टी) ने सीबीए के सदस्य देशों और अन्य पड़ोसी देशों जैसे चीन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रिकॉर्ड तीसरी बार के लिए आईएबीएम बुरसरे पुरस्कार जीता। पाठ्यक्रम के सत्रों का उद्देश्य रेडियो प्रसारण के क्षेत्र में आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों की जानकारी प्रदान करना था। पाठ्यक्रमों में देश में ख्याति-प्राप्त निजी प्रसारकों और मारीश्स और नेपाल जैसे देशों से बड़ी संख्या में भागीदारों ने भाग लिया।

- **डिजिटल श्रव्य और प्रसारण प्रौद्योगिकियों पर एआईबीडी/सीबीए की इन-कंट्री कार्यशाला:**

  एशिया-प्रशांत प्रसारण विकास संस्थान (एआईबीडी), राष्ट्रमंडल प्रसारक संघ (सीबीए) और प्रसार भारती द्वारा संयुक्त रूप से 16 से 20 फरवरी को स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान (तकनीकी) में 5 दिन की इन-कंट्री कार्यशाला आयोजित की गई थी। एआईआर नेटवर्क के 25 प्रचालन और अनुरक्षण इंजीनियरों और भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे से 2 संकाय सदस्यों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया।